# दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
## गोरखपुर-273001

(नैक प्रत्यायित 'B' श्रेणी)
*सम्बद्ध*
दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ & Fax : 0551-2334549
: 09792987700
e-mail : digvijayans@gmail.com
: dnpggkp@gmail.com
website : www.dnpgcollege.edu.in


**दिनांक: 30-05-2023**

**प्रकाशनार्थ**

**शिक्षक सम्मान तथा द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षुओं के विदाई समारोह का आयोजन**

आज दिनाँक 30/05/2023 को दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय गोरखपुर के बी.एड. विभाग में शिक्षक सम्मान तथा द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षुओं के विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. सरोज शाही रहीं तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ०) ओमप्रकाश सिंह ने किया।

कार्यक्रम की शुरुआत बी.एड. द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षुओं का विभाग में प्रथम वर्ष के प्रशिक्षुओं के द्वारा तिलक एवं बैज लगाकर स्वागत करके हुआ। कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत मुख्य अतिथि डॉ. सरोज शाही एवं महाविद्यालय के प्राचार्य, प्रो. (डॉ.) ओमप्रकाश सिंह जी के द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण, पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। तत्पश्चात मुख्य अतिथि तथा प्राचार्य जी का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। विभाग की वरिष्ठ प्राध्यापिका प्रो० डॉ. गीता सिंह का सम्मान करते हुए उन्हें प्राचार्य एवं मुख्य अतिथि जी द्वारा गुलदस्ता एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। इस मौके पर विभाग की ओर से प्रो० (डॉ०) अरुण तिवारी, प्रो० (डॉ०) शुभ्रा श्रीवास्तव, डॉ० सुभाष चन्द्र, श्री राकेश कुमार सिंह, श्री प्रदीप कुमार यादव व श्रीमती शालिनी पारिख ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनको सम्मानित किया। बी.एड. छात्र परिषद ने भी प्रो० (डॉ०) गीता सिंह को सम्मानित करते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किया।

इस अवसर पर बी.एड. द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षुओं को स्काउट गाइड प्रशिक्षण, शैक्षिक-प्रदर्शनी, सांस्कृतिक गतिविधियों ,सर्वोच्च उपस्थिति एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं से जुड़े प्रमाण पत्र भी वितरित किये गये।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि डॉ. सरोज शाही ने अपने शिक्षण अनुभव साझा करते हुए हमेशा क्रियाशील और ऊर्जावान बने रहने की सलाह दी। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) ओमप्रकाश सिंह ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रशिक्षुओं को अपने जीवन में आने वाले चुनौतियों से डटकर सामना करने एवं उन्हें अपने दृढ़ इच्छाशक्ति से पार पाने के लिए प्रेरित किया। प्रो. (डॉ.) गीता सिंह ने प्रशिक्षुओं को हमेशा सकारात्मक नजरिए के साथ आगे बढ़ने की सलाह दी। विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से बी.एड. द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षु हर्ष शुक्ला को मिस्टर फेयरवेल तथा निहारिका सिंह को मिस फेयरवेल चुना गया।

इस कार्यक्रम का संचालन बी.एड. प्रथम वर्ष के प्रशिक्षु देवेंद्र राय और प्रतिभा शुक्ला ने किया तथा आभार ज्ञापन मानसी श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम के सफ़ल बनाने में प्रशिक्षु अम्बरीष वर्मा, नीतीश सिंह, रवि प्रकाश, आलोक सिंह, अनुजा तिवारी, रजनी गिरी ने सक्रिय भूमिका अदा की। इस मौके पर विभाग के समस्त प्राध्यापकगण सहित सभी प्रशिक्षु उपस्थित रहें।

**प्रो० (डॉ.) अरुण कुमार तिवारी**
**विभाग प्रभारी**
**बी.एड. विभाग**

**डॉ. शैलेश कुमार सिंह**
**मिडिया प्रभारी**